www.sgbauonline.com

**AU–2103**

## M.A. (Part–I) Examination

## HINDI (Old)

## (Hindi Sahitya Ka Itihas)

## Paper–II

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

### खण्ड 'क'

### (दीर्घोत्तरी प्रश्न)

1. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए : 60

(1) हिंदी साहित्य के इतिहास में काल-विभाजन तथा नामकरण की समस्या पर प्रकाश डालिए ।

(2) आदिकालीन हिंदी साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए ।

(3) भक्तिकाल का प्रादुर्भाव किन युगीन परिस्थितियों में हुआ ? उसके कारणों पर तर्कसम्मत विचार कीजिए ।

(4) संतकाव्य की सामान्य प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए ।

(5) रीतिमुक्त काव्य के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसमें घनानंद के योगदान का मूल्यांकन कीजिए ।

(6) छायावाद की मूलभूत विशेषताएँ लिखिए ।

(7) हिंदी साहित्य में प्रयोगवाद के महत्व को समझाइए ।

(8) हिंदी नाटक के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए ।

(9) 'उर्दू साहित्य' के विकास का सम्यक् परिचय दीजिए ।

(10) आलोचना के प्रकारों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

खण्ड 'ख'

(लघूत्तरी प्रश्न)

2. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर लगभग 10 से 15 पंक्तियों में लिखिए : 20

(1) सिद्ध साहित्य के प्रदेय को संक्षेप में लिखिए ।

(2) 'पृथ्वीराज रासो' की प्रामाणिकता में संदेह क्यों किया जाता है ?

(3) कबीर के सुधारवादी दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए ।

(4) राम काव्य परम्परा में 'रामचरित मानस' का महत्व विशद कीजिए ।

(5) 'भूषण की कविताओं में राष्ट्रीयता की भावना विद्यमान है ।' सोदाहरण समझाइए ।

(6) 'बिहारी ने गागर में सागर भर दिया है ।' ऐसा क्यों कहा जाता है ?

(7) 'भारतेंदु जी को हिंदी भाषा के प्रति विशेष प्रेम था ।' इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

(8) महादेवी वर्मा को आधुनिक मीरा मानने का क्या कारण है ?

(9) कहानी के विकास में जयशंकर प्रसाद के योगदान को संक्षेप में लिखिए ।

(10) आत्मकथा और जीवनी में क्या अंतर है ? स्पष्ट कीजिए ।

खण्ड 'ग'

(वस्तुनिष्ठ/अतिलघूत्तरी प्रश्न)

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ/अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिये गए निर्देशानुसार लिखिए : 20

(1) हिंदी साहित्य के इतिहास का सर्वप्रथम काल विभाजन किसने प्रस्तुत किया ?

(अ) रामचंद्र शुक्ल ने (ब) मिश्रबंधु ने

(क) शिवसिंह सेंगर ने (ड) जार्ज ग्रियर्सन ने

(2) 'हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' किसका ग्रंथ है ?

(अ) रामचंद्र शुक्ल (ब) रामकुमार वर्मा

(क) नामवर सिंह (ड) रामविलास शर्मा

(3) 'बीसलदेव रासो' के रचनाकार कौन हैं ?

(अ) चन्दबरदायी (ब) नरपति नाल्ह

(क) विद्यापति (ड) अमीर खुसरो



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(4) 'मैथिल कोकिल' किसे कहा जाता है ?

(अ) नरपति नाल्ह | (ब) दयाल दास
(क) विद्यापति | (ड) जगनिक

(5) 'निर्गुण ज्ञानाश्रयी शाखा' का नाम 'सन्तकाव्य' किसने रखा था ?

(अ) रामचंद्र शुक्ल | (ब) रामकुमार वर्मा
(क) नगेंद्र | (ड) नामवर सिंह

(6) 'रामानुजाचार्य' के दर्शन का नाम लिखिए :

(अ) द्वैताद्वैत | (ब) अद्वैत
(क) विशिष्टा द्वैत | (ड) शुद्धाद्वैत

(7) 'दशरथ सुत तिहुँ लोक बखाना ।
राम नाम का मरम है आना ।।' किसकी पंक्तियां हैं ?

(अ) जायसी | (ब) सूरदास
(क) मलूकदास | (ड) कबीरदास

(8) 'रामचरितमानस' किस धारा की प्रतिनिधि रचना है ?

(अ) रामभक्ति | (ब) कृष्णभक्ति
(क) ज्ञानमार्गी | (ड) प्रेममार्गी

(9) सूफी काव्यधारा की भाषा कौन सी है ?

(10) 'बिहारी' कौन से काव्यधारा के सर्वेसर्वा है ?

(अ) रीतिबद्ध | (ब) रीतिसिद्ध
(क) रीतिमुक्त | (ड) वीरकाव्य

(11) 'नासिकेतोपाख्यान' किसकी कृति है ?

(अ) लल्लूलाल | (ब) सदासुखलाल
(क) सदल मिश्र | (ड) ईशाअल्ला खाँ

(12) महावीर प्रसार द्विवेदी किस पत्रिका के संपादक थे ?

(अ) मतवाला | (ब) सरस्वती
(क) इन्दु | (ड) बंगदूत



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(13) छायावादी कवियों में भी रहस्यवादी प्रवृत्ति की झलक मिलती है ।

(कथन सत्य है / असत्य है ।)

(14) निराला की किस कविता को 'शोकगीत' कहा गया है ?

(अ) कुकुरमुत्ता (ब) राम की शक्तिपूजा

(क) तोड़ती पत्थर (ड) सरोजस्मृति

(15) 'मैला आंचल' किस प्रकार का उपन्यास है ?

(अ) सामाजिक (ब) ऐतिहासिक

(क) आंचलिक (ड) मनोवैज्ञानिक

(16) खड़ीबोली के प्रथम महाकाव्य का नाम लिखिए ।

(साकेत, कवितावली, प्रियप्रवास)

(17) प्रगतिवादी साहित्य की मूलधारा ............ विचारधारा है ।

(कार्ल मार्क्स, फ्रायड, डार्विन)

(18) 'अंधायुग' किसकी कृति है ?

(अ) अज्ञेय (ब) धर्मवीर भारती

(क) भवानीप्रसाद मिश्र (ड) त्रिलोचन

(19) दुःख ही जीवन की कथा रही ।

क्या कहूँ आज जो नहीं कहीं ।। किसकी पंक्ति है ?

(अ) महादेवी वर्मा (ब) जयशंकर प्रसाद

(क) रामकुमार वर्मा (ड) निराला

(20) डॉ. नगेंद्र मूलतः किस श्रेणी के आलोचक हैं ?

(अ) प्रगतिवादी (ब) ऐतिहासिक

(क) रसवादी (ड) मनोविश्लेषणवादी



www.sgbauonline.com